**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2023 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित डा० मान सिंह, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर।**

---

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| (क) क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद कौशाम्बी में व्यक्तियों के विकलांग प्रमाण पत्र बनाये जाने के सम्बन्ध में प्रश्नकर्ता का पत्र दिनांक 16 नवम्बर 2022, जोकि विशेष सचिव, मुख्यमंत्री को सम्बोधित था, प्राप्त हुआ है? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हां, तो पत्र में इंगित सभी व्यक्तियों का विकलांग प्रमाण पत्र बना दिया गया है? | प्रश्नगत पत्र में उल्लिखित व्यक्ति श्री अमित पाण्डेय पुत्र श्री उदय कुमार पाण्डेय, चौराडीह, ब्लाक व तहसील चायल, जनपद कौशाम्बी द्वारा अपनी आंख खराब होने पर दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनवाये जाने हेतु प्रस्तुत किया गया है। तत्समय जनपद कौशाम्बी में किसी भी नेत्र सर्जन की तैनाती नहीं थी। दिनांक 25 जनवरी 2023 को जिला संयुक्त चिकित्सालय, कौशाम्बी में नेत्र सर्जन की तैनाती हो गयी है। प्रार्थी के प्रत्यावेदन का परीक्षण करते हुये नियमानुसार दिव्यांग प्रमाण पत्र निर्गत करने की कार्यवाही की जा रही है। |
| (ग) यदि हां, तो उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं और कब तक सम्बन्धित व्यक्तियों के विकलांग प्रमाण पत्र बनवायेंगे? | उपरोक्तानुसार। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री ।